भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1323**

11 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: किसानों के लिए लाभ और सुविधाएं**

**1323. श्रीमती मालविका देवी:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि सभी किसानों को समय पर पैक्स दिया जाए;

(ख) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि यदि एथेनोल संयंत्रों द्वारा टूटे हुए चावल का उपयोग किया जा रहा हो तो उसे इस प्रकार उठाया जाए कि किसानों को इससे लाभ मिल सके; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों और गांवों के किसानों को बीज, उर्वरक और सरकार द्वारा प्रदान किए गए अन्य लाभों और सुविधाओं के बारे में समय पर जानकारी मिले?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क):** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत 'पैक्स' जैसा कोई कार्यक्रम नहीं है।

**(ख):** खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की दिनांक 17.01.2025 की खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) नीति के अंतर्गत, इथेनॉल उत्पादन के लिए इथेनॉल डिस्टिलरी को चावल की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 2250/- रुपये प्रति क्विंटल (अखिल भारत) निर्धारित किया गया है, जिसकी कुल मात्रा 24 एलएमटी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**(ग):** कृषि विस्तार गतिविधियाँ कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए) और कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा की जाती हैं, जिसमें किसान प्रशिक्षण, प्रदर्शन, एक्सपोजर विजिट्स, किसान मेले, किसान समूहों को संगठित करना शामिल है ताकि कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग सहित विभिन्न योजनाओं के लाभों के बारे में किसानों के बीच जागरूकता पैदा की जा सके।

*****